लापता सफाई मित्र का शव मिला

दो दिन से लापता था खुरई देहात थाना क्षेत्र कर रही जाँच पड़ताल, शव के पास ही मिली मोटर साइकिल

नवभारत न्यूज

खुरई 1 जून. नेशनल हाईवे खुरई-सागर रोड पर स्थित नरेन नदी के पुल के नीचे बीती रात दो दिन से लापता नगर पालिका के सफाई मित्र का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला.

घटना की सूचना लगते ही शहरी और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची. घटना की सूचना लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर जमकर हंगामा किया. परिजनों ने कहा कि उसकी हत्या की गई है इस तरह का आरोप लगाया. जानकारी के मुताबिक बीती रात नरेन नदी पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव देखे जाने की सूचना के बाद शहरी पुलिस और देहात थाना पुलिस मोके पर पहुंची. शव के पास ही बाइक भी पड़ी हुई थी. शव काफी सड़ चुका था और काफी बदबू आ रही थी. बाइक के नंबर से उसकी पहचान की गई. परिजनों को सूचना दी गई तब परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त अभय पिता सुरेंद्र नहारिया निवासी गढ़ौला जागीर के रूप में की गई. परिजनों ने घटना स्थल पर जमकर हंगामा करते हुए कुछ लोगों पर हत्या के आरोप भी लगाए. मृतक के बड़े भाई लकी नहारिया ने बताया कि उसका भाई नगर पालिका में सफाई मित्र के रूप में काम करता है. दो दिन पूर्व घर से ड्यूटी जाने की कहकर निकला था जो फिर घर वापस नहीं पहुंचा. शहरी थाने में गुमइंसान का मामला दर्ज कराया था. जैसा कि परिजनों ने बताया कि कुछ लोगों से विवाद चल रहा था, उन्होंने ही भाई की हत्या की है. रात को ही शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया था.

> खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह दांगी ने बताया कि युवक का शहरी थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज था. मृतक की बाइक के पास ही सल्फास की डिब्बी भी मिली है. प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी. परिजन जो आरोप लगा रहे हैं उनके बयान के आधार पर जांच की जाएगी.

जरूरतमंदों को रक्त मिला

सागर. पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 196 जरुरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है. औसत रुप से प्रतिदिन 28 जरुरतमंदों को हेल्पलाइन सेंटर से उपलब्ध कराया जा रहा है. आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 1354 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है. ब्लड हेल्प हेल्पलाइन जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है. जिन 196 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना, देवरी, बेगमगंज, दमोह, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर, दलपतपुर के ग्रामों व वार्डों से हैं.

बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने निरीक्षण

भोपाल मार्ग की बसें मोतीनगर स्थित नवीन स्टैंड से शुरू करायी जा चुकी हैं

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. शहर की यातायात और बस स्टैंड की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मैदान में उतरी.

कमिश्नर नगर निगम राजकुमार खत्री एवं एडीएम अविनाश रावत ने मोतीनगर नवीन बस स्टैंड की व्यवस्थाओं का लिया जायजा एवं यात्री सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश दिये.नगर निगम कमिश्नर एवं एडीएम ने बस संचालन और यात्री सुविधाओं की दृष्टि से व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, उन्होंने बस स्टैंड पर स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था एवं यात्री सूचना प्रणाली की स्थिति देखी. उन्होंने बसों के आवागमन, पार्किंग व्यवस्था की भी जानकारी ली.

> निगमायुक्त श्री खत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं. ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए. बस स्टैंड परिसर को अतिक्रमण मुक्त , स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके. इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया सहित प्रशासनिक टीम पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अन्य अधीनस्थ अधिकारी भी मौजूद रहे.

शक्ति केंद्रों पर मन की बात सुनी

नवभारत न्यूज

खुरई 1 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 134 वें संसकरण को भाजपा धनौरा मंडल के सभी शक्तिकेंद्रों एवं बूथों पर किसानों के साथ सुना गया और साथ में बूथ समिति की बैठक भी संपन्न हुई.

मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत ने बताया कि विधायक भूपेंद्र सिंह के द्वारा जो भी संगठन एवं जनसेवा के कार्य दिए जाते है उनको कार्यकर्ताओं द्वारा शत प्रतिशत पूरा किया जाता है प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को होने वाली मन की बात अब पूरे देश में जन जन का कार्यक्रम बन गया है.

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण

सागर. युवा कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान, कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर और यश घनघोरिया के नेतृत्व में बंडा विधानसभा के कई युवा साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ली. बंडा बंडा युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष साहिल खटीक के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ली. जिसमें प्रभांशु क्रोशिया, आसिफ खान, अभिषेक चौरसिया, आशीष श्रीवास्तव, सेजान खान अजय नामदेव, शामिल हैं.

पेयजल की उपलब्धता व सुचारू आपूर्ति हो

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. पेयजल वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा पेयजल से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिले की सभी जनपद पंचायतों में सीएफटी बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल प्रबंधन को लेकर जरूरी कदमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. जनपदवार हर गांव में पेयजल की वर्तमान स्थिति और कुआं, हैंडपंप, नल-जल योजना व अन्य जल स्त्रोतों की कार्यशीलता की समीक्षा की गई. जिन गांवों में पेयजल की किल्लत है वहां तुरंत टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने, बिगड़े हैंडपंपों को ठीक करने, कुओं की सफाई करने तथा नल-जल योजनाओं के रखरखाव के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए. सभी गांवों में जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी कर खराब हैंडपंपों को शीघ्रता से ठीक करने को कहा गया. बैठक में जपं सीओ, एसई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के सहायक यंत्री सहित अधिकारी मौजूद रहे.

सामुदायिक भवन के शेष निर्माण होंगे

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. संत कबीर वार्ड में विधायक निधि से 10 लाख रुपये से सामुदायिक भवन के शेष निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ.

इस दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा संपन्न किया. वार्ड में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कराए जाने पर आभार व्यक्त किया. संचालन पार्षद धर्मेंद्र खटीक ने किय. इस अवसर पर जगन्नाथ गुरैया, चेतराम अहिरवार, मनीष चौबे याकृति जड़िया, नितिन सोनी, अमित बैसाखिया मौजूद थे.

एनसीसी कैडेटों ने निकाली जन जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 33 मध्यप्रदेश एनसीसी बटालियन के अंतर्गत शासकीय आईटीआई के एनसीसी कैडेटों द्वारा तंबाकू एवं नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु रैली का आयोजन किया गया.

रैली के माध्यम से नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया. इस अवसर पर सुनील सेन प्रशिक्षण अधीक्षक एवं वेल नेस कोच पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट के द्वारा कहा कि तंबाकू और नशा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं. कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कैडेटों से राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता के कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया.

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट एवं नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने तंबाकू एवं नशे से दूर रहने तथा एक स्वस्थ, स्वच्छ एवं जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया.

घर में चोरी करते पकड़ा पुत्र

नवभारत न्यूज

गौरझामर 1 जून. देवरी पुलिस ने चोरी के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर साढ़े सात लाख रुपए चोरी का मशरूका बरामद किया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया निवासी बाजार वार्ड, देवरी द्वारा थाना देवरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपने पति परसोत्तम रैकवार को उपचार हेतु सागर लेकर गई थीं. घर से निकलते समय उन्होंने मकान में ताला लगाकर उसकी चाबी बाथरूम में रखे ब्रश के डिब्बे में सुरक्षित रख दी थी, जिसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को थी. फरियादिया को उनके भाई गयाप्रसाद द्वारा सूचना दी गई कि मकान के दरवाजे खुले हुए हैं तथा घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है. सूचना मिलने पर फरियादिया तत्काल देवरी पहुंचीं, जहां उन्होंने पाया कि मुख्य दरवाजे के ताले गायब हैं तथा घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं 1,00,000 नगद चोरी हो चुके हैं. पूछताछ में आरोपी पुत्र शुभम रैकवार ने परिवार के विश्वास का लाभ उठाकर उसने ही चोरी की योजना बनाई थी.

किसान रथ यात्रा का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

बीना 1 जून. ग्राम भानगढ़ से प्रारंभ हुई किसान रथ यात्रा का ग्राम कजरई में आयोजित किसान सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ. यात्रा ने विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों तक पहुँचकर किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, तकनीकों एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया.

कृषि विभाग द्वारा किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी. किसानों को नरवाई प्रबंधन के विषय में भी जागरूक किया गया.

अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके स्थान पर नरवाई को खेत में मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करने से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है और भूमि की उत्पादकता में सुधार होता है.

कार्यक्रम में बीना, शेखपुर, मंडी बामोरा, गौहर सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों से किसानों द्वारा भाग लिया गया.

ट्रेनी जूनियर इंजीनियरों को ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ट्रेनी जूनियर इंजीनियरों को फील्ड कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया.

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनी जूनियर इंजीनियरों को गौरझामर-देवरी अति उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन शिफ्टिंग कार्य स्थल पर फील्ड ट्रेनिंग कराई गई. लगभग 45 डिग्री तापमान में नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण ट्रांसमिशन लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य इमरजेंसी रेस्टोरेशन सिस्टम (ईआरएस) टावर के माध्यम से किया जा रहा है. इस दौरान प्रशिक्षु इंजीनियरों को ईआरएस टावर की कार्यप्रणाली, उपयोगिता तथा आपात परिस्थितियों में इसकी महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई.

एक्स्ट्रा हाई टेंशन मेंटेनेंस संभाग दमोह के सहायक अभियंता एम. ए. बेग ने फील्ड पर ट्रेनी इंजीनियरों को एमपी ट्रांसको के जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के अनुरूप सुरक्षा मानकों एवं सावधानियों की जानकारी दी. ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की विभिन्न कार्यप्रणालियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षुओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया.

वर्धमान जैन बने अध्यक्ष

ललितपुर. श्रीमहावीर दिगंबर जैन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के चुनाव संपन्न हुए. चुनाव प्रक्रिया एड.अभय कुमार जैन एवं डा.कमलेश कुमार ने संपन्न कराई. शुभारंभ संतोष कुमार जैन शास्त्री द्वारा किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर वर्धमान जैन को निर्विरोध चुना गया. उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार बंटी अधिवक्ता एवं रतनचंद्र जैन मड़ावरा को जिम्मेदारी सौंपी गई. अरविंद कुमार जैन को प्रबंधक तथा धन्यकुमार जैन को मंत्री चुना गया. इसके अलावा जीवन कुमार जैन को सह मंत्री और अनिल कुमार को लेखा निरीक्षक नियुक्त किया गया. कार्यकारिणी सदस्य शिखर जैन, राजेश जैन, कल्याण जैन, प्रकाश, संजीव बनाए गए.

व्यापारियों को राहत पैकेज दे शासन-प्रशासन

नवभारत न्यूज

ललितपुर 1 जून. उद्योग व्यापार मंडल की प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर के सानिध्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई.

जानकारी के अनुसार बैठक में हाल ही में शहर में हुई दो भीषण अग्निकांड की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावित व्यापारियों को तत्काल राहत एवं मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई. बैठक में कहा गया कि बीते 24 घंटों के भीतर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण शहर के दो बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे दोनों व्यापारी परिवार आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं.

> पदाधिकारियों ने बताया कि नदी पार क्षेत्र स्थित कुमार ट्रेडर्स में आग लग गई थी. दुकान संचालक राजकुमार जैन की तीन मंजिला दुकान एवं आवासीय भवन आग की चपेट में आ गया. देर रात घटना होने तथा ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते फायर ब्रिगेड को मौके तक पहुंचने में विलंब हुआ, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आगजनी में दुकान और मकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया. संगठन के अनुसार इस घटना में व्यापारी को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. बैठक में दूसरी घटना का भी उल्लेख किया गया, जिसमें झांसी रोड स्थित गुप्ता ट्रेडर्स की टाइल्स एवं सेनेटरी गोदाम में आग लग गई. संगठन के अनुसार बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में व्यापारी आकाश गुप्ता के गोदाम में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया. आग बुझाने के लिए कई घंटों तक दमकल विभाग को मशक्कत करनी पड़ी. व्यापार मंडल के नेताओं ने कहा कि दोनों घटनाओं ने संबंधित परिवारों को झकझोर कर रख दिया है.

रैली में दिया नशा त्याग संदेश

नवभारत न्यूज

बीना 1 जून. विश्व नशा मुक्ति दिवस पर ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस निरीक्षक अनूप यादव मौजूद रहे. सुबह पहले नशा विरोधी रैली निकाली गई रैली का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागृति लाना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा. नपा अध्यक्ष श्रीमती सकवार ने बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से खोखला कर देता है. नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है. पुलिस थाना निरीक्षक अनूप यादव ने बच्चों और युवाओं से आह्वान किया कि वे योग, ध्यान और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाएं. रैली का समापन पुन: आश्रम पर हुआ, जहां उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई.

निरीक्षण | निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया कलेक्टर ने

100 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा संत रविदास मंदिर व संग्रहालय

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बड़तूमा में निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया.

इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से परिसर में बन रहे ऑडिटोरियम, आधुनिक संग्रहालय और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार हो रहे भक्त निवास के भवनों, डॉरमेट्री का निरीक्षण किया. उन्होंने मंदिर के मॉडल का भी अवलोकन किया और पूरे मॉडल को देखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की तकनीकी जानकारी ली. कलेक्टर श्रीमती पाल ने निर्माण एजेंसी और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बचे हुए निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें. उन्होंने कहा कि 101 करोड़ रुपयों की लागत से 11 एकड़ क्षेत्रफल में बनाया जा रहा यह मंदिर और संग्रहालय आस्था के साथ-साथ देश-दुनिया के लोगों को भारत की महान संत परम्परा की विचारधारा और संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन दर्शन से परिचित कराने वाला एक अद्भुत केंद्र बनेगा. कलेक्टर ने संग्रहालय और ऑडिटोरियम भवन के निरीक्षण के दौरान कहा कि यहाँ संत रविदास के जीवन प्रसंगों को आधुनिक डिजिटल व दृश्य-श्रव्य संसाधनों की मदद से प्रस्तुत किया जाएगा.

उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता को परखा और परिसर में हवा-उजाले तथा आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा. बिना किसी लोहे के उपयोग के तैयार किए जा रहे इस 66 फ़ीट ऊंचे संत रविदास मंदिर का निर्माण बंसीपहाड़पुर के लाल पत्थरों से नागर शैली में किया जा रहा है.

किसान अपनी आय में कर सकते हैं बढ़ोत्तरी

नवभारत न्यूज

सागर 1 जून. कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134 वें एपिसोड का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया.

अध्यक्षता करते हुए किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं. डॉ. आशीष त्रिपाठी ने मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व एवं किसानों को आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों, नवीन कृषि तकनीकों पर प्रकाश डाला. डॉ. ममता सिंह ने तकनीकों, नवीन किस्मों, बीजोपचार, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं खरपतवार नियंत्रण संबंधी जानकारी दी. मयंक मेहरा, तकनीकी सहायक ने मूल्य संवर्धन, पोषण वाटिका, पोषण सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आधारित सूक्ष्म उद्यमों तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आय संवर्धन की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की.

इस दौरान अनिल राय, सहायक संचालक कृषि द्वारा किसान आईडी, ई-विकास प्रणाली एवं उर्वरक वितरण की ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की गई.